राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–239/2023

राज्यपाल ने शार्ट डाक्यूमेंट्री फिल्म ''बुद्धसारिका : ए लिविंग हेरिटेज'' तथा इंगेज्ड बुद्धिज्म कम्युनिटी हेरिटेज इंटरफेस इन एक्शन'' पुस्तक का विमोचन किया

पटना, 31 अगस्त, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में नव नालंदा महाविहार द्वारा तैयार की गई शार्ट डाक्यूमेंट्री फिल्म "Buddhacarika : A Living Heritage" तथा वहाँ के प्राध्यापकों के सहयोग से लिखित पुस्तक "Engaged Buddhism : Community Heritage Interface in Action" का विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई विरासत लगभग 2600 वर्ष पुरानी है तथा पूरे विश्व में इनके प्रति आदर का भाव है। इन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखना हमारा दायित्व है और इस दिशा में नव नालंदा महाविहार सराहनीय प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो० वैद्यनाथ लाभ तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....